# पिकनिक स्थलों एवं पुल-पुलियाओं, रपटो पर सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा वर्षाकाल के दौरान जिले के मुख्य पिकनिक स्थलों जैसे-बंजारा डेम, मोर डूंगरी, हाथी टीला, ढेंगदा वाले बालाजी, भूरी घाट (ढेगदा), बावंदा नाला, आवदा बांध, फूलदेह का झरना (कैलोर की गढ़ी), रामेश्वर घाट (मानपुर), भूतेश्वर महादेव (नागदा), डोब कुंड, देव खो आदि पर पर्यटकों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा को दृष्टि से विभिन्न उपाय किये जाने हेतु निर्देश दिये है। पिकनिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से खतरनाक क्षेत्रों में प्रवेश पर रोक लगाने और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता आदि के संबंध जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को निर्देशित किया गया है। जारी निर्देशो के अनुरूप अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अपने थाने क्षेत्रांतर्गत पिकनिक स्थलों, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियाओं एवं रपटो पर सुरक्षाकर्मियों, पुलिस बल तैनात करना सुनिश्चित करेगें। खतरनाक या जोखिम भरे स्थानों पर, जैसे कि गहरे पानी या फिसलन वाले क्षेत्रों में एवं पुल-पुलियाओं, रपटो पर अधिक पानी होने दशा में उस स्थान पर आवागमन को प्रतिबंध किया जायें तथा ऐसे स्थानों पर चेतावनी संकेत भी लगाए जाए। पानी में नौका विहार या अन्य गतिविधियों के लिए लाइफ जैकेट का उपयोग अनिवार्य किया जाए। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए, पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। पर्यटकों को पिकनिक स्थलों पर बनाए गए नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जायें। मद्यपान, तेज आवाज में संगीत बजाना आदि गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। बरसात के मौसम में नदी में बीचों-बीच जाकर टापू पर पिकनिक मनाने जाने वाले पर्यटकों को पुलिस बल द्वारा रोका जाये और सावधानी बरतने की सलाह दी जाए।

# पार्वती एवं चंबल नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे

## बंजारा डैम ओवर फ्लो, होमगार्ड के दो जवान तैनात

## सूंडी अडवाड में एसडीआरएफ की टीम कर रही कैम्प

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये है कि गत रात्रि से हो रही वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन के तहत बचाव एवं सुरक्षा को लेकर अलर्ट रखा जायें। ग्रामीण क्षेत्र में चौकीदारो एवं पटवारियों से निरंतर संपर्क की स्थिति रखी जायें तथा कही से भी किसी प्रकार की सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीमें भेजी जायें। चंबल एवं पार्वती नदियों के किनारे ग्रामों में स्थिति पर नजर रखने के उद्देश्य से गांव में पटवारियों की ड्यूटी पूर्व से ही लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार बंजारा डैम के ओवर फ्लो होने पर सुरक्षा की दृष्टि से होमगार्ड द्वारा दो जवान तैनात किये गये है। इसी प्रकार ग्राम सूंडी अडवाड में 15 दिन पूर्व से ही एसडीआरएफ की टीम कैम्प कर रही है। वर्तमान में चंबल एवं पार्वती नदियों का जलस्तर अभी खतरे के निशान से नीचे है। सुबह 8 बजे की रिपोर्ट के अनुसार चंबल नदी का जलस्तर 186.21 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि चंबल का डेंजर लेबल 199.50 मीटर है। इसी प्रकार पार्वती नदी का जलस्तर वर्तमान में



192.87 मीटर है, इस नदी का डेंजर लेबल 198 मीटर है। श्योपुर से सवाई माधोपुर, कोटा और बांरा मार्ग फिलहाल खुले हुए है तथा सुचारू रूप से आवागमन हो रहा है। आवदा डैम वर्तमान में 48.59 प्रतिशत भरा है। जल संसाधन विभाग ने जानकारी दी है कि 42 फुट तक भरने वाले डैम में अभी 33 फीट तक पानी भरा हुआ है। इसी प्रकार विजयपुर क्षेत्र में अपर ककैटो डैम में भी पानी का भराव 53.71 प्रतिशत है। नायब तहसीलदार प्रेमसर श्री शैलेन्द्र देव सिंह ने बताया कि पार्वती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है तथा सूंडी एवं अडवाड में एसडीआरएफ की टीम पूर्व से ही कैम्प कर रही है। तहसीलदार बडौदा श्रीमती मनीषा मिश्रा ने बताया कि कुंहाजापुर पुल पर पानी अभी 10 से 12 फीट नीचे है तथा इस पुल से आवागमन सुचारू हो रहा है। उन्होने बताया कि बडौदा में हॉस्पीटल सहित कई वार्डो में उनके द्वारा निरीक्षण किया गया है।

हॉस्पीटल की पुलिया से आवागमन हो रहा है तथा वार्डो में जल निकासी की व्यवस्था नगरपरिषद के माध्यम से कराई जा रही है। नायब तहसीलदार अगरा श्री नरेन्द्र जैन ने बताया कि क्वारी नदी में जलस्तर बढने से अगरा मार्ग बंद है, पुलिया पर 6 फीट पानी चल रहा है। एहतियात के तौर पर सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग को बंद किया गया है तथा पुलिस बल तैनात किया गया है।

# विक्रमोत्सव-2025 को मिला एशिया का वाउ गोल्ड अवार्ड

## वाउ अवार्ड एशिया की टीम भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदान करेंगी अवार्ड

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के प्रतिष्ठित आयोजित विक्रमोत्सव-2025 को वाउ अवार्ड एशिया 2025 द्वारा एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। वाउ अवार्ड एशिया की टीम भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह अवार्ड प्रदान करेंगी। विगत वर्ष विक्रमोत्सव-2024 को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस अवार्ड मिल चुका है। विक्रमोत्सव-2025 को यह सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संस्कृति और विरासत के प्रति उनके समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव 2025 को प्राप्त यह सम्मान न केवल मध्यप्रदेश बल्कि समस्त भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है। विक्रमोत्सव एक आयोजन मात्र नहीं है बल्कि इन सबसे बढ़कर संस्कृति, विरासत और विकास का बेजोड़ संगम हैं। बीते 18 वर्षों से निरंतर विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। विगम वर्षों में विक्रमोत्सव ने देश के सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी उत्सवधर्मी पहचान को बखूबी स्थापित किया है। इसमें ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय भागीदारी भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009 से लाइव इवेंट्स के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रतिष्ठित मंच रहा है। यह आयोजन अनुभव आधारित विपणन, व्यापारिक बैठकों, प्रोत्साहन यात्राओं, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों, सजीव मनोरंजन तथा विवाह उद्योग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं और आयोजनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्रदान करता है। इस वर्ष इसका 16वाँ संस्करण, 20 और 21 जून 2025 को मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं ने सहभागिता की।

**प्रधानमंत्री कर चुके है सराहना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में विक्रमोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि उज्जैन के महान सम्राट विक्रमादित्य के गौरव और वैभव को जन-जन तक पहुँचाने का यह प्रयास सराहनीय है। उनका शासन काल जन-कल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। मध्यप्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में यह आयोजन निश्चित रूप से युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा की भावना से परिपूर्ण नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

**विक्रमोत्सव 2025 में 300 से अधिक गतिविधियाँ हुई आयोजित**

विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत 300 से अधिक विभिन्न सांस्कृतिक एवं बहुआयामी गतिविधियाँ सम्पन्न हुई। इस महोत्सव में लाखों लोग भागीदार रहे जबकि सोशल मीडिया के माध्यम से करोड़ों लोग विक्रमोत्सव से जुड़े।

विक्रमोत्सव की बहुआयामी गतिविधियों में मध्यप्रदेश के सभी प्रमुख शिवरात्रि मेलों का शुमारंभ, कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, संगीत, नृत्य, वादन, शिवोह्म, आदि-अनादि पर्व समारोह, विक्रम नाट्य समोराह, चित्र प्रदर्शनियाँ, संगोष्ठी, भारतीय इतिहास समागम, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, वेद अंताक्षरी, कोटि सूर्योपासना, शिल्प कला कार्यशाला, प्रकाशन, विक्रम पंचांग, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, बोलियों एवं हिन्दी रचनाओं का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सहित 1000 ड्रोन्स की रंगारंग प्रस्तुति एवं ख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियाँ शामिल है।

# राजनंदनी ट्रेडर्स एवं आरके इंडस्ट्रीज पर प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया

**दतिया।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार विगत 27 जून 2025 को रात्रि में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दतिया श्री संतोष तिवारी एवं संयुक्त कलेक्टर दतिया श्री ऋषि कुमार सिंघई के निर्देशन में तहसीलदार दतिया श्री राजेश वत्स एवं थाना सिविल लाइन दतिया के अमले की उपस्थिति में खाद्य विभाग दतिया, खाद्य औषधि प्रशासन दतिया, कृषि उपज मंडी विभाग, म.प्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पो. दतिया, नागरिक आपूर्ति निगम विभाग दतिया द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित होकर मैसर्स आरके इंडस्ट्रीज एवं मैसर्स राजनंदनी ट्रेडर्स झिरका बाग सेवढा रोड दतिया के परिसर में जाकर मध्य प्रदेश सार्वजनिक विरतण प्रणाली के अंतर्गत वितरित जाने वाले खाद्यान्न गेहूँ, चावल का अवैध कारोबार किए जाने के कारण कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान खाद्य विभाग दतिया के सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री सनद शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री राजेश जाटव द्वारा वेयर हाउस मैनेजर श्री रामकुमार गुप्ता, नागरिक आपूर्ति निगम के सहायोग से मौके पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत फोर्टीफाइड चालव की मात्रा 43.34 क्विंटल जिसकी अनुमानित कीमत 65010/ एवं गेहूँ की मात्रा 173.62 क्विंटल जिसकी आनुमानित कीमत 488219 रूपये है। प्रथम दृष्टया खाद्यान्न (गेहूँ, फोर्टीफाइड चावल) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रतीत होने से मैसर्स राजनंदनी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर सौरभ साहू, मैसर्स आरके इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर रमेश साहू के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण का अवैध रूप से भंडारण, क्रय-विक्रय किया जा रहा था। इस हेतु संबधितों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत सिविल लाइन दतिया के अपराध क्रमांक 0222/2025 विगत दिवस पंजीबद्ध खाद्य विभाग द्वारा कराया गया है।

# बंधक श्रम जिला सर्तकता समिति का गठन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में बंधक श्रम जिला सर्तकता समिति का गठन किया गया है। बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधिनियम के तहत उक्त समिति का गठन किया गया है। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति में पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, एसडीएम श्योपुर, कराहल, विजयपुर, एलडीएम सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री श्री नंदकिशोर आदिवासी कराहल, जिला पंचायत सदस्य श्री गिरधारी लाल बैरवा हलगावडा खुर्द, पूर्व महामंत्री अनुसूचित जाति श्री संजय अकोदिया रायपुरा, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती मिथलेश तोमर श्योपुर एवं पूर्व पार्षद श्री विश्वनाथ त्रिपाठी श्योपुर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# 62.84 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले में 05 जुलाई को 64.84 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 05 जुलाई को श्योपुर में 160, बडौदा में 116, कराहल में 18, विजयपुर में 16, वीरपुर में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 483.02 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 146.64 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# आशीष यशवाल होंगे सबलगढ़ के तहसीलदार

(चम्बल सुर्खि संवाददाता)



**सबलगढ़।** कलेक्टर मुरैना श्री अंकित अस्थाना द्वारा आदेश जारी कर श्री आशीष यशवाल को सबलगढ़ का तहसीलदार बनाया गया है. उल्लेखनीय है कि सबलगढ़ के तहसीलदार श्री भारतेन्दु यादव का तबादला जिला अशोकनगर हो जाने से सबलगढ़ तहसीलदार का पद विगत 20दिन से रिक्त था जिससे नागरिकों के भी जरूरी सरकारी काम रुके हुए थे. इस रिक्त पद पर तहसील जौरा के प्रभारी तहसीलदार श्री यशवाल को सबलगढ़ तहसील का तहसीलदार बनाया गया है. सम्भवतः श्री यशवाल सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

# नवनिर्वाचित राष्ट्रीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा का शपथ ग्रहण समारोह आज

**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेशचंद बांदिल और उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज 6 जुलाई शाम 5 बजे आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्यातिथ्य तथा सांसद शिवमंगल सिंह तोमर एवं महापौर श्रीमती शारदा राजेन्द्र सोलंकी के विशिष्ठ आतिथ्य में होने जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट राधेश्याम गुप्ता करेंगे। अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा की स्थापना वर्ष 1923 में की गई थी, उसी समय से इसके निर्वाचन निर्धारित समय पर किये जाते रहें हैं। समाज का बहुसंख्यक भाग मुरैना में होने के कारण इसका प्रमुख केन्द्र रहा है। विगत कुछ वर्षों से अति महत्वाकांक्षी समाज के सदस्यों द्वारा इसे तोडने व विलुप्त करने का प्रयास किया था, लेकिन युवा वर्ग ने अथक प्रयास कर पुरानी महासभा को जीवंत बनाये रखने के लिये समाज के हर वर्ग को जोडकर निर्वाचन कराया। देश के मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली अन्य राज्यों में 22 जून से 29 जून तक निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण कराया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिये मुरैना के डा. जीतू गांगिल, बानमोर के प्रवीण गुप्ता तथा लश्कर ग्वालियर के दिनेश बांदिल के बीच में संघर्ष हुआ। मतदान के दौरान 3552 मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया, जिसके तहत डा. जीतू गांगिल को 25, प्रवीण गुप्ता को 1019 तथा दिनेश बांदिल को 2481 मत मिले। इस पर निर्वाचन अधिकारी टीआर मांडिल ने दिनेश मांडिल को 1462 मतों से विजयी घोषित किया गया। दिनेश बांदिल की जीत पर समाज के प्रत्येक वर्ग ने हर्ष व्यक्त कर संदेश दिया कि माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज एक था और एक रहेगा। चन्द्र स्वार्थी लोग इसका विघटन नहीं कर सकते। चुनाव में विजयी होने के बाद दिनेश बांदिल ने सभी बंधुओं को यह भरोसा दिलाया कि मेरी प्राथमिकता समाज को एकजुट रखना समाज हित में निरंतर कार्य करना रहेगी। समाज की सकारात्मक दिशा से दशा बदल जायेगी। श्री बांदिल ने मुरैना के उन युवाओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने समाज को निरंतर संगठित बनाये रखने के लिये अभी तक संघर्ष किया है। अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश बांदिल राजनैतिक व समाजसेवी परिवार से हैं। उनके पिता स्व. श्री गंगाराम बांदिल ग्वालियर की राजनीति में भाजपा के केन्द्र बिंदु हुआ करते थे।

# बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु 20 दिवसीय जागरूकता अभियान प्रारंभ

**दतिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया श्री अरविंद उपाध्याय के मार्गदर्शन में आज शनिवार को बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु 20 दिवसीय जागरूकता अभियान प्रथम चरण के तहत जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं विशेष किशोर पुलिस ईकाई के संयुक्त दल द्वारा पीताम्बरा मंदिर दतिया पर बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान का संचालन किया गया। कार्यवाही के दौरान चार बच्चे अपने परिजनों के साथ भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए। दल द्वारा बच्चों का रेस्क्यू कर बाल संरक्षण समिति दतिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां पर बच्चों के परिजनों से बच्चों के दस्तावेज प्राप्त किए गए एवं परिजनों को तथा मंदिर के आसपास उपस्थित जन सामान्य को किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल भिक्षावृत्ति कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि बच्चों से भीख मंगवाना अधिनियम की धारा 76 के तहत दंडनीय अपराध है। जिसमें भीख मांगने के प्रयोजन के लिए बालक को नियोजित करने या किसी बालक से भीख मंगवाने पर 5 वर्ष का कारावास और 1 लाख रूपये के दंड का प्रावधान है। बच्चों के विकास के लिए आवश्यक है कि उन्हें नियमित विद्यालय भेजा जाए उनकी उचित ढंग से शिक्षा पालन पोषण किया जाए। साथ ही उनकी उचित ढंग से शिक्षा और पालन पोषण किए जाने हेतु बच्चों के माता-पिता को चेतावनी दी गई तथा शासकीय योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु माता-पिता को समझाईश देकर काउंसलिंग की गई। साथ ही आवश्यक दस्तावेज बाल संरक्षण कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया। जिसमें बच्चों को शिक्षा एवं पोषण हेतु शासन की सहायता प्रदान की जा सके। कार्यवाही के दौरान बाल संरक्षण समिति सदस्य श्री संतोष तिवारी, बाल संरक्षण अधिकारी श्री धीर सिंह कुशवाह, श्री बृजेन्द्र सिंह कौरव, श्री आकाश श्रीवास्तव, श्री मनीष शर्मा, श्री यशदीप सिंह राजपूत, श्री आमिर खान, विशेष किशोर पुलिस इकाई श्रीमती अनीता शर्मा श्रीमती हेमलता रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के आवेदन में संसोधन की अंतिम तिथि 7 जुलाई

**दतिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया श्री अरविंद उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आंनगवाडी कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी सहायिका के रिक्त पदों हेतु एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 जुलाई 2025 थी एवं आवेदन में संसोधन करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। आवेदनकर्ता द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर आवेदन करते समय अगर कोई दस्तोवज फर्जी लगाया है तो उसे 7 जुलाई 2025 तक संशोधन करा दिया जाए। यदि किसी आवेदनकर्ता के दस्तावेज फर्जी पाए जाते है तो अभ्यार्थी एवं अभ्यार्थी के पति या पिता के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराई जावेगी।

# विधि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं अपनी उपस्थित दर्ज कराएं

**दतिया।** शासकीय विधि महाविद्यालय दतिया प्राचार्य श्री आशुतोष राय ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित विधि प्रथम वर्ष नियमित कक्षाएं महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र के पालन में 1 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो गई है। समस्त प्रवेशित छात्र-छात्रा तत्काल महाविद्यालय में अपनी रिपोटिंग कराकर कक्षाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें अन्यथा विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# डॉ हनुमान के दरबार में तीन जोड़े बंधे विवाह बंधन में



**भिण्ड ब्यूरो।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआधाम में श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत रामदास जी महाराज के सानिध्य में निव्याबंधन सर्वजातीय शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा तीनों जोड़े का सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें पं. रामलखन कटारे द्वारा हिन्दू रीति रिवाज के साथ तीन जोड़े का विवाह विधि विधान से संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रदीप राणा के द्वारा कन्यादान किया गया और वर-वधु को उपहार दान दिया गया तथा दोनों पक्षों को भोजन देकर विवाह कार्यक्रम सम्पूर्ण किया गया।। ये बंधे परिणय सूत्र मे राजकुमार कुशवाह संग लाली कुशवाह , प्रदीप बाथम संग कल्पना बाथम एवं रिंकू लखेरे संग पूजा लखेरे सहित तीनो जोड़े को मंगलमय एवं सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए आर्शीवाद प्रदान किया। इस मौके पर डॉ ओम पचौरी, संदीप राणा, छक्की सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मंदिर परिसर का निरीक्षण



**दतिया।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री सूरज कुमार वर्मा के साथ शनिवार को मां पीतांबरा पीठ पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुगमता को दृष्टिगत रखते हुए एवं यातायात व्यवस्था को परखने के उद्देश्य से मंदिर परिसर का भ्रमण किया गया। कलेक्टर श्री वानखड़े को अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मां पीतांबरा पीठ पर प्रत्येक शनिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते है। जिस पर उन्होंने मंदिर के मुख्य मार्गो का पैदल निरीक्षण करने का निर्णय लिया। उन्होंने पुलिस ,यातायात एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान के उन्होंने देखा कि दुकानदारों एवं होटल संचालकों द्वारा सड़क पर बोर्ड एवं काउंटर लगाकर यातायात व्यवस्था में व्यवधान डाला जा रहा है। उन्होंने देखा कि श्रृद्वालुओं द्वारा चिन्हित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क न करते हुए सड़क किनारे खडे किए जा रहे है। कलेक्टर श्री वानखड़े द्वारा दुकानदारों एवं होटल संचालकों के अवैध अतिक्रमण को हटाने एवं वाहन पार्किंग में ही वाहन खडे करवाने के निर्देश संबधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री प्रशांत ढेगुला, एसडीएम दतिया श्री संतोष तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री नागेन्द्र सिंह गुर्जर, मंदिर के पुजारी सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामपुर कला में पुलिस द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

(चम्बल सुर्खि संवाददाता)



**सबलगढ़।** मोहर्रम के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए रामपुर कलां पुलिस थाना द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च रामपुर कलां थाना प्रभारी पारथ सिंह परिहार के नेतृत्व में मुख्य बाजार बस स्टैंड से होते हुए गलियों से निकला। जिसमे पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा। थाना प्रभारी श्री पारथ सिंह परिहार ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को मोहर्रम के त्यौहार को लेकर विचार विमर्श किया और उन्होंने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। किसी भी तरह की कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन न हो। हथियारों (तलवारों) का प्रदर्शन न करे। मुस्लिम समुदाय और हिंदू समुदाय के बयोवृद्ध बुजुर्ग सम्मिलित हुए। ग्रामीणों में अलादीन हाजी साहब शाहिद मुल्लाजी कैप्टन वाहिद खान सलीम खान समाजसेवी धर्मेंद्र चतुर्वेदी उर्फ अन्ना हजारे बाबू पटेल शिव सिंह भूपेंद्र सिंह लखपत सिंह तोमर आदि ग्रामीण उपस्थित हुए।

# उपद्रवियों पर शिकंजा: मुरैना में नेशनल हाईवे पर पथराव करने वाले 85 लोगों पर मामला दर्ज

## पूर्व विधायक सहित कई लोगों पर हुआ मामला दर्ज

**मुरैना,कांस।** कुशवाहा समाज के आंदोलन के बाद नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर पुलिसकर्मियों पर पथराव करने वाले उपद्रवियों की अब खैर नहीं है। पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर 85 लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया है। इस पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए थे, जिनका जिला अस्पताल में विधिक चिकित्सा परीक्षण कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कलेक्ट्रेट पर कुशवाहा समाज के आंदोलन के बाद भीड़ ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया था। इसी दौरान भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया, जिसमें रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, टीआइ सिविल लाइन दर्शन शुक्ला और कोतवाली में पदस्थ एक सिपाही को चोटें आईं। तीनों घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका विधिक चिकित्सा परीक्षण कराया गया। उप पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर ने बताया कि घटना के वीडियो फुटेज खंगाले गए हैं और इन्हीं फुटेज के आधार पर चक्काजाम और पथराव करने वाले 85 आरोपियों की पहचान की गई है। इन सभी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उपद्रवियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में अजब सिंह कुशवाहा, गिर्राज कुशवाहा, रिंकू कुशवाहा, देव कुशवाहा, रवि कुशवाहा, सतीश कुशवाहा, सर्वेंद्र कुशवाहा, श्रीकृष्ण कुशवाहा, सियाराम कुशवाहा, अमर सिंह, उम्मेद, नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

# देर रात से झमाझम बारिश के चलते नदी-नाले, रपटे उफान पर, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त ग्रामीण क्षेत्रों में

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिलेभर में देर रात से हो रही झमाझम बारिश के चलते नदी, नाले, रपटे उफान पर हैं वहीं लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शिवपुरी के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए, घरों और खेतों में पानी घुस गया। जहां बैराड़ तहसील में कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घरों में पानी घुसने से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। सड़कों पर जलभराव से यातायात भी प्रभावित हो गया है। बैराड़ के जौराई गांव में तेज बारिश के चलते गलियों और सड़कों पर पानी भर गया। हालात इतने बिगड़ गए कि कई वाहन पानी में डूब गए। नदी का पानी घरों और खेतों में भी घुस गया, जिससे गांव में बाढ़ जैसे हालात बन गए। यहां तीन साल पहले भी इसी तरह की बाढ़ आई थी, जब आर्मी ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया था। बारिश के दौरान ऐंसवाया गांव के हनुमान मंदिर पर आकाशीय बिजली गिर गई। मंदिर का शिखर कई जगह से टूट गया और उस पर लगा कलश जलकर खाक हो गया। छत में भी बड़ा छेद हो गया है। पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने से एचबाड़ा गांव में पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवाजाही बंद हो गई। शिवपुरी तहसील के सिंहनिवास-मुड़ेरी मार्ग पर रपटे से गुजरते समय एक बाइक सवार बह गया। गनीमत रही कि उसने समय रहते बाइक छोड़ दी, जिससे उसकी जान बच गई। बाद में ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से बाइक को बाहर निकाला। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी नदी-नाले उफान पर हैं। कई जगहों पर पानी घरों तक पहुंच गया है और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

**पारोंच नदी में बहा युवक, एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी**

भौंती थाना क्षेत्र के पारोंच नदी में शनिवार सुबह एक युवक तेज बहाव में बह गया। युवक की पहचान 40 वर्षीय अवधेश केवट के रूप में हुई है, जो भौंती कस्बे का रहने वाला है। अवधेश अपने दोस्तों के साथ सुबह करीब 11 बजे नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह पानी के तेज बहाव में बह गया। दोस्तों ने उसे बहते देखा और तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भौंती थाना प्रभारी मनोज राजपूत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 5 किलोमीटर तक नदी किनारे तलाश की गई, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद जिला मुख्यालय से एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने बोट के जरिए नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। घटना की जानकारी मिलते ही पिछोर एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की। फिलहाल युवक लापता है। एसडीईआरएफ और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं और सर्च ऑपरेशन जारी है।

**मछली पकड़ते समय चेक डैम में गिरने से युवक की मौत**



दिनारा थाना क्षेत्र के छितीपुर गांव में बिलरऊ नदी पर मछली पकड़ने गए 55 वर्षीय गिरबल पिता हरभान लोधी की डूबने से मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को गिरबल अपने भाई के साथ सुबह 5 बजे नदी पर मछली पकड़ने पहुंचा था। सुबह 7 बजे वह चेक डैम पर खड़े होकर मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गिरबल को तैरना आता था। लेकिन उस समय नदी में तेज बहाव था। पानी में बौर बन गई थी, जिसमें वह फंस गया। करीब आधे घंटे की खोजबीन के बाद उसका शव गांव से आधा किलोमीटर दूर नदी में मिला। परिजन उसे तुरंत झांसी ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर दिनारा थाना पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**पुल ना बनने से 15 गांवों के लोग हर दिन पार कर रहे उफनती नदी**

कोलारस अनुभाग में लुकवासा से राजस्थान बॉर्डर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क शासन की गंभीर लापरवाही का उदाहरण बन गई है। करीब आठ साल पहले बनी इस सड़क पर दो जरूरी स्थानों पर पुल निर्माण ही नहीं किया गया, जिसके चलते बरसात के दिनों में 15 से अधिक गांवों के ग्रामीणों को हर दिन जान जोखिम में डालकर उफनती नदी पार करनी पड़ती है।इस मार्ग से करई नदी बहती है, लेकिन यहां पुल का निर्माण नहीं किया गया। मानसून आते ही यह नदी उफान पर आ जाती है, जिससे ग्रामीण दोपहिया और चारपहिया वाहनों सहित नदी पार करने को मजबूर हैं। अब तक कई बार हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी। ग्रामीणों के अनुसार बसाई, रसोई, हरियाल, पिपरौदा, चिरौली, किशनपुर समेत 15 गांवों के लोग इस मार्ग से रोज आना-जाना करते हैं। पंचायत स्तर से कई बार पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि अब तक मौन हैं। हर बारिश में गांवों के सामने स्कूल, अस्पताल और खेती तक पहुंचने का संकट खड़ा हो जाता है।

**नाले का पानी सड़क पर आया, शिक्षकों का स्कूल जाना हुआ मुश्किल, अब कैसे लगेगी ई-अटेंडेंस**

ई-अटेंडेंस प्रणाली को लेकर पहले से ही विरोध झेल रही सरकार पर अब शिक्षकों की जान जोखिम में डालने के आरोप लगने लगे हैं। शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के मंदिरपुरा गांव से ऐसी ही एक गंभीर तस्वीर सामने आई है। यहां स्कूल पहुंचने का रास्ता बारिश में पूरी तरह पानी से भरा रहता है। गांव के सरकारी स्कूल जाने वाला मुख्य रास्ता खड़ंजा नुमा है, जिसके ऊपर से नाला बहने लगा है। ऐसे में शिक्षक और छात्र दोनों स्कूल नहीं पहुंच सके। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ई-अटेंडेंस दर्ज न होने की स्थिति में शिक्षकों की एक दिन की वेतन कटौती तय मानी जाती है। सरकारी शिक्षक लखन सिंह लोधी और अतिथि शिक्षक बृजेंद्र लोधी ने बताया कि सरकार ने तो ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था कर दी, लेकिन उसके लिए जरूरी आधारभूत सुविधाएं अब भी गांवों में नदारद हैं। स्कूल जाने के रास्ते में नाला उफान पर है, जिससे जान का खतरा बना हुआ है। मजबूरी में स्कूल नहीं जा सके, लेकिन अब एक दिन का वेतन कटेगा।बारिश के दिनों में ये समस्या हर साल आती है, लेकिन न तो प्रशासन और न ही शिक्षा विभाग ने अब तक कोई स्थायी समाधान निकाला है। शिक्षकों का कहना है कि ऐसी परिस्थिति में स्कूल न जा पाने पर वेतन कटौती करना सरासर अन्याय है। वे सरकार से अपील कर रहे हैं कि ऐसे हालात में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए और शिक्षकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

**जिले में अभी तक 422.59 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज**

शिवपुरी जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 422.59 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 151.51 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है।

गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 336.80 मि.मी., बैराड़ में 322 मि.मी., पोहरी में 438 मि.मी., नरवर में 644 मि.मी., करैरा में 534.50 मि.मी., पिछोर में 364 मि.मी., कोलारस में 397 मि.मी., बदरवास में 443 मि.मी. तथा खनियाधाना में 324 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# डाक सेवाओं का नया केंद्र बनेगा शिवपुरी : जसवंत जाटव



**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर इंडिया पोस्ट ने शिवपुरी को आधिकारिक रूप से नया डाक मंडल घोषित किया है यह न सिर्फ एक प्रशासनिक निर्णय है, बल्कि ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस परिवर्तन के बाद से शिवपुरी के लोगों को काफी मदद मिलेगी। शिवपुरी डाक मंडल का गठन, न सिर्फ एक सेवा विस्तार है बल्कि यह क्षेत्रीय विकास का आधार बनेगा। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने शनिवार को स्थानीय पीएस होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। विधायक देवेंद्र जैन ने कहा कि डाक मंडल बनने से कई सुविधाएं मिलेंगी जिसमें पूरे क्षेत्र में डाक सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार होगा। डाकघर बचत खाता (पीओएसबी)व डाक जीवन बीमा (पीएलआई) से जुड़े दावे व लाभ अब और तेज़ी से निपटाए जा सकेंगे। ग्रामीण व दूरदराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी बैंकिंग और बीमा सुविधाएं सुलभ होंगी। पार्सल व मेल नेटवर्क का विस्तार, विशेष रूप से ई-कॉमर्स और व्यापारिक गतिविधियों के लिए, इस नए मंडल के ज़रिए तेज़ गति से होगा। पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे ने कहा कि डाक मॉडल बनने से रोजग़ार के नए अवसर और क्षेत्रीय कार्यालयों की बेहतर निगरानी अब संभव होगी, जिससे सेवाओं की जवाबदेही और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।युवाओं, किसानों, व्यापारियों और महिलाओं तक सरकारी योजनाओं की डाक के माध्यम से प्रभावी पहुंच सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, सांसद प्रतिनिधि राकेश जैन आमोल, मनीष अग्रवाल, हरिओम राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, उपाध्यक्ष अशोक खंडेलवाल, पवन जैन, नवाब सिंह कुशवाह, जिला मंत्री मुकेश सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, विपुल जैमनी, केपी परमार, कपिल भार्गव, जिला मीडिया प्रभारी विकास दंडौतिया, सह प्रभारी शुभ्रा शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी जितेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

# फिजीकल पुलिस ने किया ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का किया पर्दाफाश, दो सदस्य गिरफ्तार

## वृद्ध महिला के सोने के फूल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** फिजीकल थाना पुलिस ने ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने उत्तरप्रदेश निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वृद्ध महिला के सोने के फूल, चमकीले नग, पीतल कांसे जैसे दो कटोरे, दो छोटी लकड़ी एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। फिजीकल थाना प्रभारी नवीन यादव के अनुसार, 2 जुलाई को फरियादिया कौशा राठौर पत्नी स्व. कल्लूराम राठौर उम्र 70 वर्ष निवासी आंगनबाड़ी के सामने घोसीपुरा शिवपुरी को सुबह के समय काली माता मंदिर एवं नवगृह मंदिर के बीच में दो अज्ञात ठगों द्वारा चमकीली चीज देकर छलपूर्वक कान के सोने के फूल उतरवा लिए जिसकी रिपोर्ट की थी जिस पर पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। 4 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर करबला रोड धोबी घाट के पास मोटरसाइकिल क्रमांक यूपी 15 ईएस 8306 के साथ दो व्यक्तियों तसलीम खान पुत्र लियाकत अली उम्र 24 साल निवासी हस्तनापुर जिला मेरठ यूपी एवं वाजिद खान पुत्र अहमद खान उम्र 35 साल निवासी सैफपुर फिरोजपुर थाना बेहसुआ मेरठ यूपी को पकड़ा गया जिन्होंने बताया कि वो लोगों को नग देकर उनकी परेशानी दूर करते है जो दोनों संदिग्धों से जब वृद्ध महिला के साथ हुई घटना के बारे में सख्ती से पूछताछ की तो उनके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपीगणों के कब्जे से वृद्ध महिला से लिए हुए सोने के फूल जप्त किये गये। आरोपीगणों से छल में उपयोग में लाने वाले चमकीले नग, अलग-अलग रंग के व पीतल कांसे जैसे दो कटोरे व दो छोटी लकड़ी बरामद की गई एवं आरोपी वाजिद खान से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त की गई व दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक नवीन यादव, सउनि सुमित सेंगर, प्रआर राजवीरसिह, प्रआर अंकित सिंह, आर विजय मीणा, हरिओम यादव, नरेद्र राठौर, देवेन्द्र रावत की विशेष भूमिका रही।

# बैराड़ पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने हाथ भट्टी की 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बैराड़ थाना प्रभारी रविशंकर कौशल ने मुखबिर की सूचना पर से आरोपी सहदेव उर्फ लल्ला पुत्र हरीसिंह परमार उम्र 35 साल नि. मस्जिद वाली गली बैराङ के कब्जे से बैराड गाँव स्कूल के पास से दो प्लास्टिक की केनों मे देशी हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब 60 लीटर कीमती 6000 रुपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरी रविशंकर कौशल, सउनि हरिओम पाण्डेय, आर.ज्ञानसिंह, अतरसिंह रावत की विशेष भूमिका रही।

# पीयूष जैन ने रचा इतिहास, राज्य के रासेयो के सर्वश्रेष्ठ पुरुस्कार के लिए चुने गए

## जल्द मिलेगा उच्च शिक्षा विभाग रासेयो प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश शासन से पुरुस्कार





**शिवपुरी ब्यूरो।** समाजसेवा के लिए समर्पित और ऊर्जावान युवा पीयूष जैन पुत्र नीलेश जैन ने एक बार फिर शहर का नाम रोशन किया है। उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) राज्य पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। उनका नाम हाल ही में घोषित हुई राज्य स्तरीय पुरस्कार सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान ऐसे युवाओं को दिया जाता है जिन्होंने भारत सरकार युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, नेतृत्व और राष्ट निर्माण में अनुकरणीय योगदान दिया है। पीयूष ने रासेयो मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से शा. एसएमएस पी जी महाविद्यालय शिवपुरी के स्वयंसेवक के रूप में विभिन्न स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, महिला जागरूकता व अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। साथ ही कई राष्ट्रीय स्तर के शिविरों एव प्रदेश स्तर के शिविरों में मप्र का प्रतिनिधित्व किया है। पीयूष की इस उपलब्धि पर जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. एसएस खंडेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार द्वारा संचालित युवाओं को समाज सेवा से जोड़कर समाज सेवा के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास में एक उत्कृष्ट योजना है, जो स्वयंसेवक अपने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उनकी प्रगति फलस्वरूप राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश सम्मान हेतु माँगी जाती है और एक निर्धारित चयन प्रक्रिया से होकर मप्र शासन द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से स्वयंसेवक चुने जाते हैं। इसी तारतम्य में शिवपुरी के शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय की इकाई के स्वयंसेवक पीयूष का चयन रा से यो सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक वर्ष 2021-22 के लिए हुआ है। अपनी इस उपलब्धि पर पुरस्कार प्राप्त करता पीयूष ने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, उन सभी लोगों का है जिन्होंने मेरे इस यात्रा में साथ दिया। एक आम से छात्र को एक सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक बनाने में विद्यालय स्तर से महाविद्यालय स्तर तक कई गुरुओं का मार्गदर्शन रहा है जिसमें महत्वपूर्ण है जिला संगठन डॉ एसएस खंडेलवाल बाल शिक्षा निकेतन संचालिका श्रीमती बिंदु छिब्बर कार्यक्रम अधिकारी दिनेश पाल महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी राकेश शाक्य एवं प्राचार्य पवन श्रीवास्तव बाल शिक्षा निकेतन स्कूल जहां से मैं कक्षा 11वीं में राष्ट्रीय सेवा योजना को जाना और उसमें आगे अपनी रुचि दिखाते हुए कार्य करने का मन बनाया, आज जहां युवा आधुनिकता के दौर में फंसा हुआ है वहां छिब्बर स्कूल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण की ओर युवाओं को अग्रसर कर रहे हैं एनएसएस ने मुझे सेवा का सही अर्थ समझाया है, और मैं आगे भी समाज के लिए कार्य करता रहूँगा। पीयूष जैन की उपलब्धि पर वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित सौरभ भार्गव, शिवम मित्तल, आदर्श जैन, साक्षी गुप्ता, शालिनी सोनी, मंशिका गोयल आदि स्वयंसेवकों ने बधाई दी।

# संभागीय आयुक्त ने किया विद्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण

## विद्यालय में बच्चों से पूछे अलंकार एवं संविधान की प्रस्तावना पर प्रश्न



**धौलपुर ब्यूरो।** संभागीय आयुक्त डॉ टीना सोनी ने धौलपुर प्रवास के दूसरे दिन महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय विरौंधा और तहसील कार्यालय धौलपुर का निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण से पूर्व उन्होंने तीर्थराज मचकुंड का भ्रमण कर लाडली जगमोहन मंदिर के दर्शन कर प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर महंत से वहां के इतिहास एवं देवस्थान के महत्व बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने पर कार्यालय में कार्यरत प्रत्येक कार्मिक से उसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। रिकॉर्ड संधारण के संदर्भ में तहसीलदार धौलपुर अल्का सक्सैना को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

**विरोंधा विद्यालय का निरीक्षण**

संभागीय आयुक्त ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय विरौंधा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पढ़ रहे छात्रों के कुल नामांकन एवं उपस्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के छात्रों से अलंकार के संबंध में प्रश्न पूछे जिनके जवाब छात्रों द्वारा दिए गए। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों को संविधान की उद्देशिका सिखाने एवं समग्र विकास के ढंग से शिक्षित कराए जाने हेतु निर्देशित किया। तल उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रेरित किया। इस दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शिवानी को मिली राजस्व रिकॉर्ड में अपनी सही पहचान




**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 5 जुलाई 2025 को ग्राम पंचायत मछरिया में आयोजित शिविर ने एक महिला कृषक शिवानी के जीवन में बड़ी राहत और खुशियां ला दीं। शिवानी पुत्री पृथ्वी, ग्राम मछरिया की भूमि अभिलेखों में वर्षों से एक गंभीर त्रुटि चली आ रही थी, जिसमें उसका नाम सिमानी दर्ज था। इस गलती के कारण वह कई सरकारी योजनाओं और कृषि सुविधाओं का लाभ लेने में बाधा महसूस कर रही थी। परिवार ने कई प्रयास किए, लेकिन रिकॉर्ड सुधार की प्रक्रिया उलझनों से भरी होने के कारण समाधान नहीं हो सका। अंत्योदय शिविर में जब शिवानी ने अपनी समस्या शिविर प्रभारी वर्षा मीना, उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा के सामने रखी, तो प्रशासन ने गंभीरता से इसे लिया और त्वरित कार्यवाही की। उपखंड अधिकारी ने तुरंत नायब तहसीलदार टीकेंद्र सिंह को मौके पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार की निगरानी में भू-अभिलेख निरीक्षक बबलु कुमार एवं पटवारी पुष्पेंद्र सिंह द्वारा मौके पर ही पूरी जांच की गई। जांच के बाद पाया गया कि वाकई रिकॉर्ड में दर्ज नाम सिमानी गलत था और उसे शिवानी किया जाना आवश्यक था। इस आधार पर उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही धारा 136 आईआर एक्ट के अंतर्गत नाम शुद्धि के आदेश पारित कर दिए और उसकी प्रति शिवानी को सौंप दी। शिवानी ने जब अपने सही नाम का दर्ज दस्तावेज हाथों में लिया, तो उसके चेहरे पर वर्षों बाद संतोष और आत्मविश्वास की मुस्कान लौट आई। शिवानी और उसके परिवार ने पूरे राजस्व अमले और राज्य सरकार का धन्यवाद किया।

# संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक सम्पन्न

## सभी विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ शिविरों एवं विभागीय कार्यों में लाए प्रगति



**धौलपुर ब्यूरो।** संभागीय आयुक्त डॉ टीना सोनी ने कहा कि जारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल योजना के तहत सभी जिला स्तरीय अधिकारी पंचायत स्तरीय अधिकारी अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाए रखें। संभागीय आयुक्त शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं अन्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि सभी शिविरों से पूर्व प्री कैंप प्रभावी ढंग से आयोजित किए जाएं। विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की आमजन को जानकारी देकर त्वरित ढंग से कार्य कराए जाएं। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दिव्यागों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान प्रमाण पत्र त्वरित गति से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा के तहत पात्र लोगों के अधिक से अधिक नाम जोड़े जाने हेतु निर्देशित किया। संभागीय आयुक्त ने समीक्षा बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित खाद्य सुरक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सिलिकोसिस नीति, कृषि, उद्योग सहित जिला परिषद की ठोस तरल कचरा प्रबंधन एवं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने आमजन की प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करवाने, संबंधित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करवाने सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समय पर दिलवाने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी को विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने, महिला एवं बाल विकास के तहत आंगनबाडी केन्द्रों पर नियमित पोषाहार वितरण की मॉनिटरिंग करने व गुणवत्ता का ध्यान रखने, पीएचईडी के अधिकारी को पेयजल की समुचित व्यवस्था करवाने, जल जीवन के तहत चल रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करने सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला कलेक्टर सिंह श्रीनिधि बी टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े सहित राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बीचलाये जा रहे नवाचार आंचल अभियान के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी एवं शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं आमजन को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाने का भी आश्वासन भी दिया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अधीक्षण अभियंता सानिवि, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन सुरेश मीना, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजकिरण यादव सहित कृषि, शिक्षा, श्रम, रोजगार, पशुपालन, उद्योग सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने विरौंधा अंत्योदय शिविर का किया निरीक्षण

## लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश

**धौलपुर ब्यूरो।** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत विरोंधा में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। डॉ. सोनी ने अधिकारियों और कार्मिकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकार की मंशानुसार योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी रूप से दिया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग की स्टॉल पर पत्थरगढ़ी व सीमाज्ञान प्रकरणों के निस्तारण, नामांतरण के लंबित मामलों का निपटारा, रास्तों से जुड़ी समस्याओं का समाधान, विरासत का बंटवारे के प्रकरणों के बारे में जानकारी लेकर शीघ्र एवं अधिकतम निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

**बेटियों का मनाया जन्मदिन**

शिविर में महिला अधिकारिता विभाग के स्टॉल पर संभागीय आयुक्त ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत तीन बालिकाओं को उनके जन्मदिन पर केक कटवाकर एवं चॉकलेट एवं उपहार देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बेटियों के अभिभावकों को उन्हें सशक्त शिक्षा दिलाए जाने हेतु प्रेरणा दी। इस दौरान उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभान्वितों के बारे में जानकारी ली।

**दो बच्चों खीर खिलाकर कराया अन्नप्राशन**

शिविर में उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर दो बच्चों को खीर खिलाकर प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं के नियमित पोषण ट्रैकिंग हेतु निर्देश दिए ताकि उनमें एनीमिया जैसी स्थिति को रोका जा सके। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से टीबी मरीजों को निक्षय किट उपलब्ध कराने एवं उपचार के फॉलोअप करने के निर्देश दिए, ताकि टीबी रोगियों को पूर्ण स्वस्थ किया जा सके। इस दौरान उन्होंने एक तब रोगी को निक्षय किट प्रदान की। उन्होंने रोगी को नियमित उपचार कराने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं द्वारा दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उनसे जानकारी ली। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल टंकियों की सफाई और लीकेज मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने एफ़एचटीसी के बारे में जानकारी लेकर ठेकेदार के माध्यम से सड़कों को दुरुस्त कराए जाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेवीवीएनएल को नए कनेक्शन शीघ्र जारी करने, वीसीआर प्रकरणों को निपटाने एवं विद्युत लाइनों के पास पेड़ पौधों की छंटाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा विभाग को पेंशन सत्यापन, नए आवेदन एवं दिव्यांगों को डिजिटल विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र बनवाए जाने में सहायता करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया। संभागीय आयुक्त ने, ग्रामीण विकास, शिक्षा, कृषि, पशुपालन समेत अन्य विभागों की गतिविधियों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने एनएफएसए के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी कराए जाने हेतु निर्देश दिए। डॉ. सोनी ने ग्रामीण जनों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने मृदा नमूना संग्रहण व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, बीपीएल परिवारों का सर्वे, मंगला पशु बीमा में रजिस्टर्ड पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, लंबित नल कनेक्शनों का समाधान, पशुओं के टीकाकरण व उपचार, आयुष्मान कार्ड वितरण, और स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव जैसे कार्यों पर विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। इस दौरान उपखंड अधिकारी सुधा रानी मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

